## संपादकीय

# रियायत की सियासत

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के राशनकार्डधारी दुपहिया वाहन चालकों को प्रति लीटर पेट्रोल में 25 रुपये की राहत देने की घोषणा करके पूरे देश को चौंकाया है। अन्य राज्यों के लोगों में उम्मीद जगायी है कि वहां भी ऐसी ही घोषणा हो। यूं तो पूरे देश में लोकतांत्रिक प्रणाली में रचनात्मक विकास से जनता की आकांक्षाओं पर खरे न उतर पाने वाले राजनेता जनता को मुफ्त का प्रलोभन अक्सर देते नजर आते हैं। खासकर उन राज्यों में, जहां चुनाव नजदीक हों। सोरेन सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर सस्ता पेट्रोल देने का वादा किया है। लेकिन हर किसी के दिमाग में यही सवाल है कि इस सस्ते पेट्रोल का अर्थशास्त्र क्या होगा? इसकी वजह यह है कि पेट्रोल के दाम में राज्य सरकार का हिस्सा सिर्फ वैट के रूप में होता है। यदि झारखंड सरकार पूरा वैट माफ कर दे तो भी 25 रुपये की छूट नहीं दी जा सकती। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दीवाली के आसपास मोदी सरकार ने उत्पाद शुल्क में कमी करके जनता को राहत दी थी, जिसके बाद कुछ राज्य सरकारों ने भी वैट में कमी करके जनता को अतिरिक्त राहत दी थी। लेकिन झारखंड में राहत ज्यादा बड़ी है। बहरहाल, सोरेन सरकार ने 26 जनवरी, 2022 से राहत की नई व्यवस्था लागू करने की घोषणा की है। लेकिन सवाल वही है कि यह मुमकिन कैसे होगा? कह सकते हैं कि यह फैसला अभूतपूर्व है और महंगाई के दौर में जनता को राहत देने के लिये अन्य राज्यों के लिये अनुकरणीय है। हाल के महीनों में जिस तेजी से पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़े हैं, उसने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। वहीं बाजार में महंगाई में जो अभूतपूर्व तेजी देखी जा रही है, उसमें पेट्रोलियम पदार्थों की महंगाई की भी भूमिका हैं क्योंकि डीजल के दामों में वृद्धि से मालभाड़े में वृद्धि हो जाती है। हालांकि यह ट्रेंड वैश्विक है।

पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में तेजी से जनता में बेचैनी है। ऐसे में जहां एक ओर जनता में झारखंड की पहल की तरह दामों में राहत देने की आकांक्षा बढ़ेगी, वहीं राजनीतिक कारणों से ऐसी प्रतिस्पर्धा भी पैदा हो सकती है। निस्संदेह, समाज के कमजोर वर्गों को राहत दी जानी चाहिए। ऐसे में झारखंड सरकार का प्रयास एक मिसाल है, जो स्कूटर व मोटरसाइकिल धारकों के लिये राहतकारी है। हालांकि, इस योजना के क्रियान्वयन की अपनी दिक्क तें होंगी। इसे लागू करना सरल नहीं होगा। जहां एक ओर पेट्रोल पंपों पर पारदर्शी व्यवस्था बनानी होगी, वहीं कोशिश करनी होगी कि इस छूट का दुरुपयोग न हो। कहीं रियायती दरों के पेट्रोल का उपयोग चौपहिया वाहन चालक येन-केन प्रकारेण न करने लग जाएं। विगत में पेट्रोल पंपों की कार्यप्रणाली को लेकर तमाम सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में जरूरतमंदों को दी जानी वाली राहत का क्षरण रोकना प्राथमिकता हो, जिसके लिये राज्य में एक व्यावहारिक ढांचा बनाये जाने की जरूरत है, ताकि छूट व सब्सिडी का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच पाये। लेकिन सवाल वही पुराना है कि पहले से कर्ज में डूबे राज्य में पूरा वैट माफ करने के बाद भी सब्सिडी देने से राज्य की वित्तीय सेहत कैसे कायम रह सकेगी। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल पर मुख्य रूप से तीन कर लगते हैं। पहला केंद्र सरकार द्वारा लगाये जाने वाला उत्पाद शुल्क, जिसमें राज्य सरकार कटौती नहीं कर सकती। दूसरा डीलर का कमीशन होता है जिसे वे छोड़ने को तैयार नहीं होंगे। तीसरा राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाला वैट है, जो फिलहाल झारखंड में बाइस फीसदी है, जो प्रति लीटर पेट्रोल पर साढ़े सत्रह रुपये बैठता है। ऐसे में राज्य सरकार को पूरा वैट छोड़ने के बावजूद साढ़े सात रुपये के करीब सब्सिडी प्रति लीटर देनी पड़ेगी। तब जाकर राज्य सरकार प्रति लीटर पच्चीस रुपये की छूट दे पायेगी। ऐसे में सरकार इस योजना को खस्ता माली हालत में कितने दिन चला पायेगी? वैसे उपभोक्त ाओं को पेट्रोल पंपों पर एक माह में दस लीटर रियायती पेट्रोल की भी पूरी कीमत देनी होगी और छूट की राशि डीबीटी के जरिये उनके खातों में पहुंचेगी।

# वृहद आर्थिक आंकड़ों, ओमीक्रोन की स्थिति, वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन से जुड़ी खबरों, वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक रुख से नए साल के पहले सप्ताह में शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बीता साल 2021 भारतीय शेयर बाजारों के लिए काफी ऐतिहासिक रहा है। इस दौरान बाजार ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। बीते साल बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 10,502.49 अंक या 21.99 प्रतिशत चढ़ा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह एक नए माह की शुरुआत है। सप्ताह के दौरान निवेशकों की निगाह कई महत्वपूर्ण आंकड़ों मसलन मासिक वाहन बिक्री, भारत के विनिर्माण पीएमआई और सेवा पीएमआई पर रहेगी। इसके अलावा कोविड-19 से जुड़ी खबरें और वैश्विक बाजारों का प्रदर्शन भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा।''




उन्होंने कहा कि पिछले दो सप्ताह से बाजार में सुधार है, लेकिन अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि हम अनिश्चितता से उबर चुके हैं। मिश्रा ने कहा कि बाजार में मिलेजुले रुख के बीच भागीदारों को सतर्क रुख अपनाना चाहिए और हेजिंग के लिए तैयार रहना चाहिए। हालांकि, सभी वर्गों के शेयरों में सुधार है, लेकिन हमारा मानना है कि बैंक, फार्मा, आईटी और एफएमसीजी कंपनियों का प्रदर्शन अन्य की तुलना में बेहतर रहेगा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि देश और दुनिया में ओमीक्रोन संक्रमण का तेजी से प्रसार हो रहा है। ऐसे में बाजार की शुरुआत सतर्क रुख के साथ होगी। खेमका ने कहा, ''इसके बावजूद हमने आशावादी रुख को कायम रखा है। हमारा अनुमान है कि 2022 में निफ्टी निवेशकों को 12 से 15 प्रतिशत का रिटर्न देगा। इसे अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार और कंपनियों की आमदनी में बढ़ोतरी से समर्थन मिलेगा।''

इस सप्ताह विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए पीएमआई के आंकड़े आने है, जिससे कारोबार की धारणा प्रभावित होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''ओमीक्रोन के खतरे के बावजूद भारतीय बाजारों से जुझारू प्रदर्शन की उम्मीद है। इसे दीर्घावधि में मजबूत वृद्धि के अनुमान से समर्थन मिलेगा।'' वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़े शनिवार को आ चुके हैं। ऐसे में सोमवार को वाहन कंपनियों के शेयर मुख्य केंद्र में रहेंगे।

## खाद्य तेलों में बड़ी गिरावट, दालें और चीनी भी नरम

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार के नकारात्मक संकेत एवं स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में भारी गिरावट दर्ज की गयी। इसके साथ ही दाल दलहन में भी नरमी का रूख बना रहा। आवक बढ़ने और सर्दी में मांग सुस्त होने से चीनी भी सस्ती हो गयी हालांकि गुड़, चावल और गेहूँ में स्थिरता रही। तेल तिलहन ञ वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 82 रिंगिट उतरकर 5173 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.64 सेंट गिरकर सप्ताहांत पर 57.09 सेंट प्रति पाउंड रह गया।

बीते सप्ताह वैश्विक बाजार की गिरावट का असर घरेलू बाजार में भी रहा। सप्ताहांत पर सोया रिफाइंड 146 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 366 रुपये प्रति क्विंटल, पॉम ऑयल 146 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 440 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों तेल 586 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। इस दौरान वनस्पति में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 18827 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14066 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12454 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14066 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,11,012.63 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचडीएफसी बैंक रहे। सप्ताह के दौरान सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 24,635.68 करोड़ रुपये के उछाल से 13,82,280.01 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 22,554.33 करोड़ रुपये बढ़कर 8,20,164.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।



इस दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 14,391.25 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,54,444.80 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 10,934.61 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 7,94,714.60 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 9,641.77 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 4,68,480.66 करोड़ रुपये पर और विप्रो का 9,164.13 करोड़ रुपये के लाभ के साथ 3,92,021.38 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत सप्ताह के दौरान 8,902.89 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,13,973.22 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 7,575.11 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 4,21,121.74 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन भी 3,212.86 करोड़ रुपये बढ़कर 4,10,933.74 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में 2,772.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 16,01,382.07 करोड़ रुपये रह गया। सप्ताह के दौरान शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और विप्रो का स्थान रहा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,129.51 अंक या 1.97 प्रतिशत के लाभ में रहा।

## इस वर्ष शेयर बाजार दे सकता है बंपर रिटर्न

**मुंबई ।** शेयर बाजार ने बीते साल निवेशकों को मालामाल किया और वर्ष 2022 में भी इसके बंपर रिटर्न देने की संभावना है। वर्ष 2021 के आखिरी सप्ताह में भी शेयर बाजार में तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स इससे पिछले सप्ताह की तुलना में 1129.51 अंक बढ़कर 58253.82 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 350.30 अंकों की बढ़त के साथ 17354.05 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी जबरदस्त तेजी देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 612.81 अंक उछलकर 24970.08 अंक पर और स्मॉलकैप 1091.21 अंक उठकर 29457.76 अंक पर रहा।

वर्ष 2021 में सेंसेक्स और निफ्टी ने कई बड़े पड़ाव को पार कर इतिहास रचा। सेंसेक्स ने पहले ही महीने जनवरी में 48 हजार का लेवल पार किया और फिर इसकी रफ्तार थमी नहीं और इसने 19 अक्टूबर2021 को 62 हजार के स्तर को पार करते हुये 62245 के स्तर को छुआ। इसी तरह से निफ्टी ने फरवरी में पहली बार 15 हजार का स्तर पार किया और अक्टूबर में 18 हजार का रिकॉर्ड लेवल भी छू दिया। दोनों ही घरेलू प्रमुख सूचकांक के लिए पिछला साल शानदार रहा और पिछले एक साल में सेंसेक्स करीब 21 फीसदी और निफ्टी 23 फीसदी मजबूत हुआ।

## वेलकम 3 में फिर दिखेंगे नाना पाटेकर, अनिल और परेश



वेलकम सीरीज की फिल्मों ने बॉलीवुड में काफी सफलता हासिल की है। अभी तक इस सीरीज की दो फिल्में वेलकम और वेलकम बैक दर्शकों के बीच आ चुकी है। काफी समय से दर्शक इस फिल्म की अगली कड़ी का इंतजार कर रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि वेलकम 3 में एक बार फिर नाना पाटेकर, अनिल कपूर और परेश रावल नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, वेलकम 3 में एक बार फिर नाना, अनिल और परेश की तिकड़ी नजर आएगी। खबरों की मानें तो अगले साल की दूसरी छमाही में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। एक सूत्र ने कहा, फिल्म वेलकम 3 की स्क्रिप्ट पहले ही लिखी जा रही है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल के उत्तरार्ध में शुरू करने की योजना है। अनिल, नाना और परेश तीसरी फिल्म का हिस्सा होंगे।

सूत्र ने बताया कि वेलकम 3 में और भी बड़े कलाकारों को शामिल करने की प्लानिंग है। फिरोज नाडियाडवाला बड़े पैमाने पर फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी। अब तक आए फिल्म के दोनों भाग का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है। कॉमेडी पर आधारित इस सीरीज की दोनों फिल्में लोगों को हंसाने और गुदगुदाने में सफल रही हैं। उम्मीद है कि फिल्म की तीसरी किस्त में भी मनोरंजन का भरपूर डोज होगा।

वेलकम 2007 में दर्शकों के बीच आई थी। अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ, अनिल, नाना और परेश के अभिनय से सजी फिल्म में जबरदस्त फन था। सभी कलाकारों ने अपने अंदाज से प्रभावित किया था। दिवंगत अभिनेता फिरोज खान भी इस फिल्म में नजर आए थे। यह उनकी आखिरी फिल्म थी। उनका 2009 में निधन हो गया था। फिल्म की कहानी 1999 में आई मिकी ब्लू आइज पर आधारित थी।

## आज का राशिफल

मेष : किसी पुराने संबंध मे बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित ब्यवस्था में मन चिन्तित होगा।

बृषभ : सुन्दर भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। सामाजिक संबंधों में सन्तुलित व्यवहार व वाक्यपटुता आपके गरिमा में वृद्धि करेगा।

मिथुन : शासन-सत्ता के दिशा में केन्द्रित व्यक्ति यों के लिए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवान्छित सफलता के आसार है।

कर्क : कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। लाभकारी संबंधों की नजदीकियां पैदा होंगी।

सिंह : क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में अर्थिक सुदृढ़ता के लिए मन प्रय शील होगा। रोजगार के क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती नजर आएंगी।

कन्या : पिता के सहयोग से मुश्किल भरे दिनों में रहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

तुला : भावना प्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाती है, लेकिन रह-रहकर भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

वृश्चिक : परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का ऐहशास करेंगी।

धनु : कुछ प्रबल भौतिक इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा।

मकर : कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिणाम का लाभ प्राप्त होगा। भौतिक-सुख साधन हेतु व्यय के आसार है।

कुंभ : परिजनो से भावनात्मक कष्ट हो सकता है। किसी की कटुवाणी मन को दुखित कर सकता है। किसी श्रेष्टजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा।

मीन : उच्छृंखलता व व्यग्रता महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। भावनाओं पर नियन्तण्रकर दायित्वों के प्रति सजग होना, आपके प्रगति का सूचक है।

## शाही वेज बिरयानी



शाही वेज बिरयानी सुनकर ही मुंह में पानी आ जाता है लेकिन इसे घर पर बनाने का सही तरीका हर किसी को नहीं आता। तो आज हम घर पर कैसे इसे करेंगे तैयार, जानेंगे रेसिपी।

### सामग्री :

**शाही मसाला तैयार करने के लिए-** नारियल का बुरादा- 1/4 कप, साबुत लाल मिर्च- 3, सौंफ- 1 टीस्पून, जीरा- 1 टीस्पून, लौंग- 4, इलायची- 2, धनिया के बीज- 1.5 टीस्पून, काजू- 1 टेबलस्पून, बादाम- 1 टेबलस्पून, खसखस- 1 टीस्पून

**ग्रेवी के लिए-** एक बड़ी प्याज कटी हुई, दो लहसुन की कलियां, एक टीस्पून अदरक का पेस्ट, तीन टेबलस्पून टमाटर प्यूरी, दो टेबलस्पून क्रीम, दो टीस्पून गरम मसाला पाउडर, दो टेबलस्पून घी या तेल

**ताजी सब्जियां-** 1/4 कप कटा गाजर, 1/4 कप कटी बीन्स, 1 मीडियम साइज लाल शिमलामिर्च, 1/4 कप कटी पत्तागोभी, नमक- स्वादानुसार

**चावल के लिए-** 1 कप बासमती चावल, 2 बड़ी इलायची, 2 हरी इलायची, 4 लौंग, 1 चक्र फूल, 1 टीस्पून जीरा, 1 बड़ा प्याज कटा हुआ, 3 टेबलस्पून पुदीना पत्ती, 1.25 कप पानी, नमक स्वादानुसार, 2 टेबलस्पून तेल

### विधि :

शाही मसाला तैयार करने के लिए

मसाला तैयार करने के लिए सारी सामग्री को पैन में डालकर 1-2 मिनट के लिए भूनें और फिर ठंडा होने के लिए रख दें।

अब मिक्सर में डालकर इसका पाउडर बना लें।

**ग्रेवी तैयार करने के लिए-** सारी सब्जियों को धो लें। कड़ाही में तेल गर्म करें। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और कुछ मिनट तक भूनें।

अब इसमें गाजर, बीन्स डालें। फिर टमाटर प्यूरी।

स्वादानुसार नमक और पानी डालकर मिक्स करेंगे।

ढककर सब्जियों को सॉफ्ट होने तक पकाएं।

क्रीम डालकर मिक्स कर लें।

इसमें शाही मसाला मिक्स करेंगे।

इसमें शिमला मिर्च, पत्तागोभी डालकर कुछ और मिनट तक पका लें।

**चावल के लिए-** पैन में तेल गर्म करें और इसमें सारे साबुत मसालों को डालें, फिर प्याज डालें और सुनहरा होने तक भून लें।

अब पानी डाल दें।

अब बारी है चावल और हल्का सा नमक डालने की।

इसी में पुदीना की पत्ती भी मिक्स कर देंगे।

ढककर चावल को अच्छी तरह पका लेंगे।

**सर्विंग के लिए-** जिस भी बर्तन में सर्व करना है उसमें पहले चावल की लेयर बिछाएं फिर सब्जियों की। एक बार फिर से राइस और उसके ऊपर सब्जियों वाली लेयर। इस तरह से आप दो से तीन लेयर बना सकती हैं। ऊपर से कटा प्याज, हरा धनिया डालकर गरमा-गर्म सर्व करें।

## ओमिक्रॉन के चलते टल सकती है अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज की रिलीज



अक्षय कुमार और पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर की पीरियड ड्रामा फिल्म पृथ्वीराज 2022 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। कोरोना महामारी के चलते पहले ही इस फिल्म की रिलीज में देरी हुई है। अब जबकि कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन ने देश में अपने पांव पसार लिए हैं तो इसका खौफ देख पृथ्वीराज की रिलीज डेट को एक बार फिर आगे बढ़ाया जा सकता है।

पृथ्वीराज के ट्रेलर की भी दर्शक बेसब्री से राह देख रहे हैं। 27 दिसंबर को ट्रेलर रिलीज होने वाला था, लेकिन यह तय तारीख पर रिलीज नहीं हुआ, जिसके बाद फैंस निराश हुए। रिपोर्ट की मानें तो यह फैसला ओमिक्रॉन की वजह से बने हालात को देखते हुए लिया गया। यशराज फिल्म्स कोविड से उपजे तीसरी लहर के हालात पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल ट्रेलर को कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पृथ्वीराज यूं तो 21 जनवरी को आएगी, लेकिन अगर चीजें पक्ष में नहीं दिखीं तो इस बात की काफी आशंका है कि इसकी रिलीज टल जाए।

## शब्द सामर्थ्य- 308

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | 13 | | 14 | | | |
| | 15 | | | | | | | 16 |
| 17 | | | 18 | | | | | |
| 19 | | | | | 20 | 21 | | |
| | | 22 | 23 | | | 24 | | |
| 25 | | | 26 | | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 307 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 308

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.307 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |